कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय अलीराजपुर (म.प्र.)

क्र./पीएलव्ही/जिविसेप्रा/ 1191 /2022 अलीराजपुर दिनांक 18/11/2022

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर द्वारा ग्रामों एवं जनपद पंचायतों में स्थापित किये गये लीगल एड क्लीनिक, पुलिस थानों में समाज के कमजोर, पिछडे तथा पीडित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह एवं गुमशुदा बच्चों को मदद करने हेतु तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन के सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर हेतु लगभग 40 (चालीस) पैरालीगल वॉलेंटियर्स के एक वर्ष के लिए चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

विशेष नोट :–

1– पैरालीगल वॉलेंटियर्स का कार्य पूर्णतः सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं है, इसके लिए कोई वेतन/मजदूरी देय नहीं है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय–समय पर पैरालीगल वॉलेंटियर को निर्धारित मानदेय कार्य करने पर देय होगा।

2– आयु सीमा–किसी भी आयु का व्यक्ति आवेदन कर सकता है, बशर्ते वह वयस्क हो, स्वस्थ हो और उसमें किसी भी प्रकार का ऐसा कोई शारीरिक दोष ना हो, जो उसे कार्य करने के लिए अक्षम बनाता है।

3– शैक्षणिक योग्यता–कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण।

4– निम्न समूह के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी –

- शिक्षक (जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल हैं)
- रिटायर्ड सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक
- एम.एस.डब्ल्यू. स्टूडेन्ट एवं शिक्षक
- आंगनवाडी कार्यकर्ता
- चिकित्सक
- स्टूडेंट और लॉ स्टूडेंट (जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित ना हो)
- गैर राजनैतिक एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य
- महिला समूहो, मैत्रीसंघों, स्व–सहायता समूहों के सदस्य

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.12.2022 सायं 5.00 बजे तक :–

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर, उसके साथ आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति (स्वयं द्वारा सत्यापित) एवं एक पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न कर **दिनांक 25.11.2022 से दिनांक 10.12.2022 के सायं 5.00 बजे तक** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर के कार्यालय में कार्यालय समय में जमा किया जा सकेगा। "सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय अलीराजपुर (म.प्र.) पिनकोड 457887" के **पते पर** आवेदन पत्र डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित किया जा सकता है। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

चयन प्रक्रिया :–

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर में चयन कमेटी द्वारा, प्राप्त आवेदन पत्रों की छटनी की जाकर स्वविवेकानुसार अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना जारी की जावेगी। चयन कमेटी को किसी भी उम्मीदवार का आवेदन/रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा और कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

18/11/2022

माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार

संपर्क – दूरभाष क्रमांक 07394–233215

ई–मेल secdlsaalp@mp.gov.in

(दिनेश बेवडा)

जिला न्यायाधीश/सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

जिला न्यायालय अलीराजपुर (म.प्र.)

आवेदन–पत्र का प्रारूप

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलीराजपुर (म.प्र.) अंतर्गत पैरालीगल वॉलेंटियर्स चयन हेतु आवेदन–पत्र

प्रति,

श्रीमान् सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय अलीराजपुर (म.प्र.)

Recently Photo

महोदय,

सादर निवेदन है कि मैं प्रार्थी / प्रार्थियां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीराजपुर द्वारा संचालित पैरालीगल वॉलेंटियर्स योजना से जुडकर पैरालीगल वॉलेंटियर बनना चाहता / चाहती हूँ तथा मैं विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वैच्छया अपना समय योगदान एवं सेवा कार्य करने के लिये सहमत हूँ। मेरी व्यक्तिगत जानकारी निम्नानुसार है :–

1– पूरा नाम : ....

2– पिता / पति का नाम : ....

3– जन्म दिनांक : ....उम्र..............................

4– जाति (**ST/SC/OBC/Gen**) : ....

5– व्यवसाय (वर्तमान) : ....

6– शैक्षणिक व अन्य योग्यता : ....

7– वर्तमान अध्ययनरत कक्षा व महाविद्यालय : ....

8– सामाजिक कार्यानुभव : ....

9– विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य : ....

....

10– स्थायी निवास का पूरा पता : ....

....

जिला ....पिनकोड..............................

11– पत्राचार का पूरा पता : ....

....

जिला ....पिनकोड..............................

12– दूरभाष नंबर / मोबाईल नंबर : मो.नं. ....

व्हाट्सएप नं...

ई–मेल आईडी ....

13– कौन से ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत में कार्य करना चाहते है? : ....

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सब के लिए ACCESS TO JUSTICE FOR ALL (म.प्र.)

यह कि मै जानता / जानती हूँ कि पैरालीगल वॉलेंटियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है, नौकरी नही है। मै स्व–घोषित करता / करती हूँ कि किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य एवं विश्वास करने योग्य है।

संलग्न :–

1. शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण–पत्र।
2. आधार / मतदाता परिचय–पत्र।
3. सामाजिक कार्यानुभव का प्रमाण–पत्र।
4. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधित प्रमाण–पत्र।
5. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
6. अन्य प्रमाण–पत्र (...)।

स्थान :– ....

दिनांक :– ....

आवेदक / आवेदिका के हस्ताक्षर